

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 06 सितंबर 2026 बर्ष 02 अंक 219 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

सफलता मन की शांति है, जो इस संतुष्टि का प्रत्यक्ष परिणाम है कि आपने अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास किया।

## शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की होगी स्थापना, एआई से जुड़ेगा बिहार का शिक्षा तंत्र: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी




**केशववाणी पटना (बिहार)।** देश के महान शिक्षाविद् एवं भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह–2026 का मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए बिहार में 'शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय' की स्थापना की जाएगी। वहीं, वित्त रहित शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अलग से वेतनमान की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और सर्वम एआई जैसी तकनीकी संस्थ. ाओं के सहयोग से बिहार में आधुनिक एआई इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। शिक्षकों को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में शिक्षा विभाग और गूगल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य में बी एच यू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) का सेंटर स्थ. ापित करने का प्रयास किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि मदरसा एवं संस्कृत बोर्ड के शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान जारी कर दिया गया है, जिससे शिक्षकों को समय पर उनका पारिश्रमिक मिल सके।समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव बताते हुए बदलते तकनीकी दौर के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर जोर दिया।

## शिक्षा में नवाचार को प्राथमिकता दें शिक्षक, आत्मनिर्भरता ही सफलता की कुंजी : डीएम

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को शनिवार को सम्मानित किया गया। हरदेव भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तर पर गठित समिति के माध्यम से चयनित शिक्षकों को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं उप विकास आयुक्त सारा अशरफ ने सम्मा. नित किया। इस दौरान शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य, नवाचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित किया गया। सम्मान समारोह में विभिन्न प्रखंडों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बिहारशरीफ प्रखंड से आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर के अजय कुमार एवं मध्य विद्यालय शाहौखर के मनोज कुमार बिंद को सम्मान मिला। वहीं नागेश्वर चौधरी, चंडी प्रखंड से सुमित्रा कुमारी एवं प्रियंका वर्मा, गिरियक प्रखंड से उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलाचक के शिशिर कुमार सिन्हा एवं प्राथमिक विद्यालय विजयनगर के धर्मेंद्र कुमार को सम्मा. नित किया गया। इसी प्रकार कतरीसराय प्रखंड से अजय प्रसाद एवं शिवनंदन पासवान, नूरसराय से प्रशांत केतु, हरनौत से विकास कुमार एवं अनिल पासवान तथा सिलाव प्रखंड से डॉ. अभिनव कुमार जुएफर एवं विवेक भारती को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। छात्राओं ने जिलाधिकारी उदिता सिंह के समक्ष अपनी समस्याएं एवं जिज्ञासाएं रखीं। छात्राओं के सवालों का जवाब देने के लिए जिलाधिक. ारी ने सबसे पहले उत्कृष्ट शिक्षकों को आगे किया। अजय कुमार समेत कई शिक्षकों एवं एक शिक्षिका ने छात्राओं के सवालों का जवाब दिया तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि धैर्य




और आत्मनिर्भरता जीवन में सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षकों को भी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। शिक्षा को प्रभावी और रुचिकर बनाने के लिए शिक्षक नवाचार को अपनी कार्यशैली में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों में आत्म. विश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना भी शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। डीडीसी सारा अशरफ ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षक की भूमिका को मोमबत्ती के समान बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को रोशन करता है। शिक्षक बच्चों के भविष्य को पल्लवित एवं पुष्पित करने का कार्य करता है। उन्होंने उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके योगदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र ने भी सभी सम्मा. नित शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बेहतर प्रयास से ही विद्यालयों में शिक्षा का वातावरण और मजबूत होगा। कार्यक्रम में डीपीओ एसएसए भोला कुमार कर्ण, प्रवीण कुमार प्रभात (स्थापना), नेहा रानी (एमडीएम), एडीपीसी, डीपीआरओ, अल्पना कुमारी, मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार, स्टेनो राजेश कुमार, मुकेश कुमार, नित्यानंद एवं शिवपूजन ठाकुर सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## हरनौत जीएसएस से 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर डुमरांव नहीं ले जाने की लोगों ने की मांग



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के डिहरा रोड स्थित बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित ग्रिड सब–स्टेशन (132/33 केवी) हरनौत परिसर में पिछले कई महीनों से एक भारी–भरकम एवं उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। महाराष्ट्र के नासिक से मंगवाए गए इस ट्रांसफार्मर को अब बक्सर जिले के डुम. रांव स्थित जीएसएस में भेजने की योजना है। करीब एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर हरनौत जीएसएस के मुख्य गेट के पास रखा हुआ है। ट्रांसफार्मर की क्षमता 40 एमवीए है और इसका वजन करीब 90 मीट्रिक टन बताया जा रहा है। भारी–भरकम ट्रांसफार्मर को देखने के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों में भी इसे लेकर चर्चा है कि आखिर इसे हरनौत जीएसएस परिसर में किस उद्देश्य से रखा गया है। इससे पहले खबर प्रकाशित हुई थी कि शुक्रवार को डिहरा–चेरन एकल पथ पर दोपहर दो बजे तक अन्य वाहनों का आवागमन बाधित रहेगा। ट्रांसफार्मर को विशेष ट्रेलर पर लोड कर आपात स्थिति में डुमरांव जीएसएस भेजे जाने की तैयारी थी। हालांकि, निर्धारित समय पर ट्रांसफार्मर को ले जाया नहीं जा सका। इस संबंध में हरनौत जीएसएस के सहायक विद्युत अभियंता (एईई) राजेश कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर को ले जाने वाला ट्रेलर हरनौत जीएसएस तक आने–जाने में तकनीकी एवं मार्ग संबंधी दिक्कतों का सामना कर रहा था। इस कारण ट्रांसफार्मर को ट्रेलर पर लोड नहीं किया जा सका। इसके लिए दूसरी गाड़ी मंगाई जा रही है। बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित नालंदा जिले में फिलहाल आठ ग्रिड सब–स्टेशन हैं। इसके अलावा बिहारशरीफ पुलिस लाइन और अस्थावां के बेनार में दो सुपर पावर ग्रिड हैं। जिले के प्रमुख ग्रिडों में बिहारशरीफ सुपर ग्रिड कैंपस, बड़ी पहाड़ी ग्रिड, राजगीर ग्रिड, नालंदा ग्रिड, एकंगरसराय ग्रिड, हरनौत (चेरन) ग्रिड, बेनार ग्रिड तथा चंडी में नवस्थापित ग्रिड शामिल हैं। हरनौत जीएसएस से हरनौत, चेरन, चौनपुर, कल्याण बिगहा, तेलमर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, बेलछी एवं घमौली सहित कई पावर सब–स्टेशन जुड़े हुए हैं। वर्तमान में हरनौत जीएसएस की कुल क्षमता 100 एमवीए बताई गई है। प्रखंड क्षेत्र के निवासी एवं समाजसेवी चंद्रोदय कुमार सहित अन्य बुद्धिजीवियों का कहना है कि हरनौत, चेरन, चौनपुर, कल्याण बिगहा और तेलमर में फिलहाल पावर सब–स्टेशन (पीएसएस) संचालित हैं। वहीं गोनावां पंचायत के महवाचक गांव के समीप छतियाना पीएसएस का निर्माण कार्य चल रहा है। इन सभी पीएसएस का संचालन साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी एवं बरसात के मौसम में सामान्य दिनों की अपेक्षा बिजली की खपत काफी बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर बाजार तक कई जगह बिजली आपूर्ति को लेकर परेशानी बनी रहती है। ऐसे में 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर को डुमरांव ले जाने के बजाय **हरनौत जीएसएस में ही स्थापित किया जाना चाहिए।**

लोगों का कहना है कि यदि इसे डुमरांव भेजने की योजना पहले से थी तो इसे हरनौत जीएसएस परिसर में क्यों मंगवाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरनौत में ट्रांसफार्मर स्थापित होने से क्षेत्रीय विद्युत ढांचे को मजबूती मिलेगी। साथ ही लोड असंतुलन को कम करने तथा बड़े पावर सब–स्टेशन एवं औद्योगिक क्षेत्रों को अधिक स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति देने में भी मदद मिल सकती है। वहीं बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों का कहना है कि डुमरांव जीएसएस में एक ट्रांसफार्मर जल गया है। इसी वजह से हरनौत जीएसएस परिसर में रखा 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर वहां भेजा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में बरसात का मौसम है और आने वाले दिनों में ठंड का मौसम रहेगा, जिसमें सामान्य दिनों की तुलना में बिजली की खपत अपेक्षाकृत कम रहती है। अधिकारियों ने बताया कि यदि भविष्य में हरनौत जीएसएस में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की आवश्यकता महसूस होती है तो आगामी अप्रैल माह में 40 एमवीए क्षमता का एक नया ट्रांसफार्मर मंगवाकर स्थापित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## हरनौत प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में शिक्षक दिवस बड़ी ही धूमधाम से शनिवार को मनाया गया।सरकारी एवं निजी विद्यालयों, कोचिंग संस्थ. ानों , महाविद्यालय,आईटीआई सहित अन्य जगहों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षक सम्मान समारोह और केक काटकर भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई। प्रखंड के संत पॉल इंग्लिश स्कूल सरथा,उमावि बस्ती,मवि दैली, आदर्श मवि हरनौत बाजार, जीडीएम कॉलेज, आरपीएस कॉलेज,आईटीआई कल्याण बिगहा,द कॉन्सेप्ट पॉइंट कोचींग सेंटर,प्रावि महेशपुर–बेलदारी, सहित अन्य स्कूलों में शिक्षकों को सम्मानित किया गया।बच्चों ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षण दर्शन पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु की महत्ता को रेखांकित किया।




# वेना में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3077 लीटर विदेशी शराब बरामद

## दो मिनी ट्रक और एक्सयूवी कार जब्त, पुलिस को देखते ही वाहन छोड़कर अंधेरे में फरार हुए तस्कर

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने अवैध विदेशी शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3077 लीटर 250 मिलीलीटर विदेशी शराब बरामद की है। शराब की यह बड़ी खेप दो मिनी ट्रक और एक ग्न्ट कार में जुट के बोरों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही थी। पुलिस की छापेमारी की भनक लगते ही चालक और वाहन में सवार अन्य लोग वाहनों की चाबी मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है और फरार शराब तस्करों की पहचान में जुटी है। इस संबंध में सदर डीएसपी–1 अमरनाथ ने वेना थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक, नालंदा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 सितंबर 2026 की रात करीब 11:45 बजे मद्य निषेध कोषांग, पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर बेना थाना पुलिस को शराब की बड़ी खेप के संबंध में जानकारी मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बेना रेलवे स्टेशन यार्ड से करीब 100 मीटर पूर्व छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को संदिग्ध अवस्था में दो मिनी ट्रक और एक एक्सयूवी कार खड़ी मिली। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, वाहनों में मौजूद चालक और अन्य लोग पुलिस को देखते ही अपनी–अपनी गाड़ियों की चाबी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों वाहनों की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान मिनी ट्रकों में जूट के बा. ेरों के बीच छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद शराब की कुल मात्रा 3077 लीटर 250 मिलीलीटर है। इतनी बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी के बाद पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया। विभिन्न ब्रांड की शराब बरामद पुलिस के अनुसार बरामद शराब में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब और बीयर शामिल है।



बरामदगी में रॉयल स्टॉक 375 एमएल 12 कार्टून, कुल 288 बोतल रॉयल स्टॉक 750 एमएल 30 कार्टून, कुल 360 बोतल इम्पीरियल ब्लू 750 एमएल 98 कार्टून, कुल 1176 बोतल किंगफिशर बीयर 500 एमएल 120 कार्टून, कुल 2880 बोतल बडवाइजर बीयर 500 एमएल 30 कार्टून, कुल 720 बोतल इम्पीरियल ब्लू 2 कार्टून, कुल 23 बोतल पुलिस ने बताया कि सभी शराब को जब्त कर लिया गया है। बरामद शराब की कुल मात्रा 3077 लीटर 250 मिलीलीटर बताई गई है। बेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि इस मामले में बेना थाना कांड संख्या 449/26 दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए दोनों मिनी ट्रकों और एक्सयूवी कार के नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिकों एवं शराब तस्करी में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी शराब कहां से लाई गई थी और इसे नालंदा में कहां पहुंचाया जाना था। इसके साथ ही पुलिस शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। रात करीब पौने 12 बजे हुई इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया। पुलिस के पहुंचते ही मौके से आरोपियों के फरार हो जाने के बावजूद पुलिस ने तीनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर शराब की बड़ी खेप बरामद कर ली। पुलिस अब फरार आरोपियों तक पहुंचने के लिए तकनीकी एवं अन्य माध्यमों से जांच कर रही है।सदर डीएसपी–1 अमरनाथ ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। छा. पेमारी दल में ये पुलिसकर्मी रहे शामिल कार्रवाई में पु०अ०नि सह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, पु०अ०नि सह अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार, स०अ०नि मनोज यादव, स०अ०नि राकेश रंजन, सि० कांचन मिश्र, सि० विनोद पासवान, सि० अमित कुमार, सि० देवराज साह तथा ठभ्ळ बुटू कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। अब पुलिस की नजर फरार तस्करों की गिरफ्तारी और शराब की इस बड़ी खेप के स्रोत एवं गंतव्य का पता लगाने पर है।




# हरनौत में 1.7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1.7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरा. ेपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर फुटबॉल स्टेडियम के पास पटेल नगर जाने वाली गली में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार और सेवन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल की जमीन को लेकर विवाद, एसडीओ और सीओ को आवेदन देकर जांच व कार्रवाई की मांग



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के नेपुरा वेरौटी गांव में स्कूल निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक दलित परिवार ने गांव के ही एक व्यक्ति पर निजी जमीन पर स्कूल निर्माण के लिए दबाव बनाने और विरोध करने पर गांव से बाहर निकालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, विवादित जमीन उनकी निजी संपत्ति है। जिला प्रशासन के आदेश के बाद फिलहाल निर्माण कार्य स्थगित है, बावजूद इसके स्कूल निर्माण को लेकर उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।परिवार का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति आगामी पंचायत चुनाव को लेकर गांव में तनावपूर्ण माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। स्कूल निर्माण का विरोध करने पर परिवार को धमकाया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने बिहारशरीफ एसडीओ और सीओ को लिखित आवेदन देकर जांच कराने, दोषियों पर कार. ंवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 205.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** कल्याण बिगहा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 205.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर मौजूद संदिग्ध लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने शराब जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष निशा भारती ने बताया कि डायल–112 के माध्यम से पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सागरपर गांव से बरूणतर जाने वाली सड़क के किनारे चार से पांच बाइक और एक चारपहिया वाहन खड़ा है। साथ ही वहां कुछ लोगों के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना से पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल मौके पर पहुंचे। पुलिस वाहन को देखते ही वहां मौजूद लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस टीम ने आसपास के इलाके और सड़क किनारे झाड़ियों में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान झाड़ियों में कार्टन के अंदर छिपाकर रखी गई कुल 205.28 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में ऑफिसर्स च्वाइस, मैजिक मोमेंट्स, किंगफिशर बीयर सहित विभिन्न ब्रांडों की शराब शामिल है। इस संबंध में कल्याण बिगहा थाना में कांड संख्या 63/26 दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान करने के साथ उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठि. कानों पर छापेमारी कर रही है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष निशा भारती के अलावा एएसआई धनंजय कुमार सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शिक्षक दिवस पर बाल भारती पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का सम्मान, उपहार देकर बढ़ाया उत्साह






**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला मुख्यालय स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ–साथ शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, मेहनत और महत्वपूर्ण योगदान को सम्मा. नित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं शिक्षकों के सम्मान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के सदस्यों ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वप. ल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त साधन है। उनके जन. मदिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर देशभर में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास, मार्गदर्शन और संस्कारों पर आधारित होता है। एक शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज के भविष्य के निर्माता होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं प्राचार्या अनीता देवी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान का सम्मान है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा शिक्षकों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं ने शिक्षक दिवस की खुशी साझा की। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और सम्मान का माहौल देखने को मिला।

# शिक्षक दिवस पर डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में शिक्षकों का सम्मान, केक काटकर मनाया गया उत्सव



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्थानीय मंगलास्थान स्थित डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ–साथ उनके समर्पण, मेहनत और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित व शिक्षकों के सम्मान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्यों ने शिक्षकों के प्रति अपनी शुभकामनाएँ एवं आभार व्यक्त किया।इसी क्रम में भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त साधन है। उनके जन्मदिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर देशभर में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है।समारोह के दौरान केक काटकर शिक्षक दिवस का उत्सव मनाया गया, जिससे पूरा वातावरण हर्ष और उल्लास से भर गया। शिक्षकों ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास, मार्गदर्शन और संस्कारों पर आधारित होता है।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि चंद कुमार ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज के भविष्य के निर्माता होते हैं। एक शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनमें अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान का सम्मान है।विद्यालय के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की शैक्षणिक उपलब्धियों और निरंतर प्रगति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षकों के समर्पण एवं सामूहिक प्रयास से ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संस्कार प्रदान करना संभव हो रहा है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान व सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुआ। पूरे आयोजन में सम्मान, आत्मीयता और उत्साह का सुंदर वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का सफल आयोजन में परियोजना प्रबंधक अतुल अभिलाष, ज्योति मेहता व प्रिया कुमारी सुवेक्षा लेपचा, अवधेश कुमार पंडित, सभ्यता चामलिंग, विजेता वर्मा, सुधांशु सुमन, राजीव सिंह, डॉ महेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, प्रशांत कुमार, अविनाश कुमार, ऋषिकेश कुमार, अन्नू भारती, सुरभि चामलिंग, ज्योति, अनुषा रोपल, रेवत खवास, सदफ़ नियाज़, निर्मेश चामलिंग, फ़लक, दिलखुश पांडे, प्रभात, शांतनु, कुमारी अनुजा, खुशी, अनामिका, शिवानी,आफरीन,प्रियदर्शिनी रानी, रेनू सोनी, प्रीतम भास्कर का सहयोग रहा।

# डीहरी पंचायत में मनाया गया विश्व पोषण दिवस ग्रामीणों को पोषण के महत्व की दी गई जानकारी

## 'डिस्कवर द पावर ऑफ न्यूट्रिशन' थीम के साथ चला जागरूकता अभियान, संतुलित आहार अपनाने की अपील




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड की डेहरी पंचायत में शनिवार को फाइनेंशियल इंक्लूजन ट्रस्ट हेल्थ प्रोग्राम की ओर से विश्व पोषण दिवस मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम 'डिस्कवर द पावर ऑफ न्यूट्रिशन' यानी 'पोषण की शक्ति को पहचानें' रखा गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डेहरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी, आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका, आशा कार्यकर्ता, वार्ड सदस्य और अस्पताल प्रभारी सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में फाइनेंशियल इंक्लूजन ट्रस्ट हेल्थ प्रोग्राम की एरिया कोऑर्डिनेटर निभा कुमारी, टीम लीडर सोनम कुमारी, हेल्थ कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर आयशा तथा स्वास्थ्य सहायक ने भी भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने उपस्थित लोगों को पोषण दिवस के महत्व की जानकारी दी। बताया गया कि शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का होना जरूरी है। विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार बेहद महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने, साफ–सफाई का ध्यान रखने तथा बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया।स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि कुपोषण से बचाव के लिए जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण कदम है। सही पोषण से बच्चों का शारी. रिक और मानसिक विकास बेहतर होता है तथा व्यक्ति कई बीमारियों से भी बच सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पोषण को लेकर जागरूक करते हुए स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की गई।

# बिहार सेंट्रल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती





**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शिक्षा नगर डोईया स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वप. ल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने महान शिक्षाविद् को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और उनके विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है।विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को गुरुभक्ति, अनुशासन, दृढ़संकल्प और आपसी भाईचारे का महत्व समझाया। साथ ही डॉ. राधाकृष्णन के जीवन, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बनाने तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, श्रद्धा और प्रेरणा से भर गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखते रहने, अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# कृष्ण भक्तों ने फोड़ी मटकी, गूंजे 'जय गोविंदा' के जयकारे, मंदिरों में देर रात तक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की रात में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के मंदिरों और घरों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। जन्माष्टमी को लेकर बा. जारों और गांवों में भी विशेष चहल–पहल देखने को मिली। पूरे क्षेत्र का वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आया।शाम होते ही चेरो बाजार, हरनौत बाजार के चंडी रोड, नेहुसा गांव स्थित श्रीराम–जानकी मंदिर परिसर, मुढ़ारी समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा–अर्चना की। मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर रात में जगमगाता नजर आया।रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और आरती की गई। जैसे ही जन्मोत्सव का समय हुआ, मंदिरों में शंख, घंटियों और जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया।देर रात तक मंदिर परिसरों में भजन–कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। बच्चों और युवाओं में भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

जन्माष्टमी के अवसर पर मुढ़ारी और चेरो बाजार समेत कई जगहों पर नवयुवकों ने मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया। पानी के फव्वारों के बीच युवाओं ने मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। मटकी फूटते ही मौके पर मौजूद लोगों ने 'जय गोविंदा', 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारे लगाए। इस दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।मटकी फोड़ने की परंपरा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी मानी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बाल गोपाल अपने सखाओं के साथ मिलकर ऊंचाई पर लटकी मटकी से माखन निकालते थे। इसी परंपरा की याद में जन्माष्टमी पर दही–मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह आयोजन सामूहिक एकता, उत्साह और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति का प्रतीक माना जाता है।हरनौत नगर पंचायत के पोरई, सबनहुआडीह, बस्ती, चेरन, चेरो पंचायत के खरूआरा, नेहुसा बिगहा, मुढ़ारी, बराह और मुसहरी सहित विभिन्न गांवों में भी जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने–अपने घरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा और बाल गोपाल का अभिषेक कर पूजा–अर्चना की।कई घरों में भगवान कृष्ण के लिए विशेष झांकी और पालना सजाया गया। महिलाओं और बच्चों ने भक्ति गीत गाए तथा भगवान श्रीकृष्ण को भोग अर्पित किया। परिवार के सदस्यों ने भगवान से घर में सुख–शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

जन्माष्टमी को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह रहा। बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा का रूप धारण कर लोगों का मन मोह लिया, वहीं युवाओं ने मटकी फोड़ और अन्य धार्मिक आयोजनों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बाजारों में भी पर्व को लेकर काफी चहल–पहल रही।जन्माष्टमी के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वि. भन्न आयोजन स्थलों पर लोगों की भीड़ को देखते हुए विशेष निगरानी रखी गई।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 7033325120

# शिक्षक दिवस पर अजीत कोचिंग सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी छात्र–छात्राएं हुए सम्मानित

## देशभक्ति गीतों पर छात्र–छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति, अतिथियों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नालंदा जिले के चंडी प्रखंड क्षेत्र स्थित बेलछी मोड़ पर अजीत कोचिंग सेंटर की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और संगीत पर एक से बढ़कर एक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शानदार प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ चंडी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य निरंजन मालाकार, हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समा. जसेवी सुरेश सिंह और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर कोचिंग सेंटर के संचालक अजीत कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद कोचिंग सेंटर के संचालक अजीत कुमार एवं उनकी पत्नी ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। इस दौरान उपस्थित छात्र–छात्राओं और अभिभावकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कोचिंग सेंटर के दर्जनों छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित विभिन्न गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुति देखकर मौजूद अभिभावक और अतिथि काफी उत्साहित नजर आए। हर प्रस्तुति के बाद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य निरंजन मालाकार ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक केवल बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी दिखाते हैं।

उन्होंने छात्र–छात्राओं से शिक्षकों का सम्मान करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ–साथ अनुशासन और अच्छे संस्कार को भी जीवन में अपनाना चाहिए। वहीं हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देकर उनके भविष्य को संवारने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार और देशप्रेम की भावना विकसित करना भी बेहद जरूरी है। कोचिंग सेंटर के संचालक अजीत कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षक दिवस के अवसर पर कोचिंग सेंटर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कक्षा आठवीं, नौवीं और दसवीं के दर्जनों छात्र–छात्राओं को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होता है। अजीत कुमार ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध बेहद महत्वपूर्ण होता है। एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता के लिए नहीं, बल्कि जीवन में एक बेहतर इंसान बनने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान प्रियंका कुमारी, विकास कुमार, संध्या कुमारी, अनुराग कुमार, वर्षा कुमारी, अंशु कुमारी, रेखा कुमारी समेत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बच्चों और अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिला।

# परवलपुर में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह, पूर्व विधायक शक्ति यादव हुये शामिल




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट परवलपुर(नालंदा)।** नालंदा जिले के परवलपुर प्रखंड में श्रीकृष्ण चेतना समिति के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह–2026 का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पार्टी कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। समारोह का उद्घाटन हिलसा के पूर्व विधायक शक्ति यादव ने किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में पद, प्रतिष्ठा और संपत्ति का कोई महत्व नहीं होता। जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की पुकार पर उनका साथ दिया, उसी भावना के साथ वे भी क्षेत्र की जनता के सुख–दुख में हमेशा साथ खड़े रहने और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।समारोह में वक्ताओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, मित्रता, कर्तव्य, धर्म और न्याय का संदेश देता है। उनके विचार आज भी समाज को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्ति गीतों से देर तक माहौल भक्तिमय बना रहा। समारोह में हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं अन्य लोग शामिल हुए। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया।







